Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 21-02-2006
Participants : Dangawas Shri Bhanwar Singh

Title : Need to stop import of Wheat and to provide Minimum Support Price to the farmers for their produce.

श्री भँवर सिंह डांगावास (नागौर) : हमारा देश कृि प्रधान देश है। समस्त अर्थशास्त्री स्वीकार करते हैं कि जी.डी.पी में देश को सर्वाधिक रोजगार देने वाली कृि है। परंतु खेद के साथ कहना पड़ रहा है कि आज देश में केवल किसानों और खेती के नाम पर मगरमच्छ के आंसू बहाए जा रहे है। महाराद्र, आंध्र प्रदेश, केरल, उत्तर प्रदेश और कर्नाटक आदि राज्यों में किसान आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो रहे हैं। एक ओर किसानों को उपज का पूरा समर्थन मूल्य नहीं दिया जा रहा है, एफ.सी.आई. में खाद्यानों के भंडार भरे हुए हैं और दूसरी ओर सरकार विदेशों से पांच लाख टन गेहूं आयात कर रही है। ...(व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will on record except the speech of Shri Bhanwar Singh Dangawas.

(Interruptions) ...*

श्री भँवर सिंह डांगावास : यह अत्यंत दुःख और कटप्रद है कि 900 रुपए प्रति क्विंटल का आयात 1100 या 1200 रुपए प्र ाति क्विंटल में पड़ेगा, जबकि किसानों को सिर्फ 600 रुपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य दिया जा रहा है। यह सरकार किसान विरोधी सरकार है। अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करता हूं कि गेहूं के आयात को तुरंत रोका जाए। इसके साथ ही भारत के किसानों को अधिक से अधिक उपज के लिए भरपूर सहायता देकर और उपज का अधिक समर्थन मूल्य देकर प्रोत्साहित करें।

श्री मुंशी राम (बिजनौर) : उपाध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश के पश्चिमी भाग में...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : क्या आप इनके साथ एसोसिएट करेंगे क्योंकि आपका और इनका मैटर एक जैसा है।

श्री मुंशी राम : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा मैटर बिजली से संबंधित है।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Munshi Ram, you have given the notice on the same matter.

... *(Interruptions)*

____

*Not Recorded